# HIMALAYAN STUDY CIRCLE
FOR ENVIRONMENT, CHILD EDUCATION HEALTH & RESEARCH

G . I . C . Road Pithoragarh
Ph. No.05964 -264242, 264071
Fax No. 05964- 264209
E-mail : hscpith@yahoo.co.nz


Ref : /HSC/ 2017 Date: 21/06/2017

सेवा में

कार्यक्रम अधिकारी
कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
देहरादून उत्तराखंड

**विषय : ब्लाक स्तरीय एवं जनपद स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रमों के रिपोर्ट के सन्दर्भ में ।**

महोदय ,

जैसा कि आपको अवगत कराना है जनपद चम्पावत के चम्पावत,पाटी,लोहाघाट,बाराकोट विकासखंडों में ब्लाक स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम एवं जिलास्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम जिला आशा संसाधन केंद्र (हिमालय अध्ययन केंद्र ) चम्पावत के द्वारा सम्पन्न कर लिया गये हैं ।

अतः ब्लाकवार एवं जिला स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रमों की रिपोर्ट आपको प्रेषित कर रहे हैं ।

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत ।


Registered under Societies registration Act 1860 . Registration No . 1035 . Dated 17-10-86
A dedicated voluntary organization for Child education, Health, Environment & Rural Development

**कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ**

**ब्लाक वार जनसंवाद कार्यक्रमों का विवरण**

**विकास खण्ड–** 1– बाराकोटः

**स्थान –** पी0एच0सी बाराकोट

**जनसंवाद की तारीख –** 28.03.2017

**उपस्थित प्रतिभागी –** 40

**रिपोर्ट कार्ड के मुख्य बिन्दु–**

1–03से 06 वर्ष की आयु के कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चौं की सूची ऑगनवाडी के द्वारा तैयार न करना ।

2–ऑगनवाडी कार्यकर्ता के द्वारा किशोरियों को घर ले जाने वाला राशन का न दिया जाना।

3–आशा कार्यकर्ता प्रतिमाह किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन का वितरण न करना ।

4–प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंन्द्र में स्टाफ नर्स का उपलब्ध न होना ।

5 –प्रार्थमिक आपातकालीन प्रसूति देखभाल (Emoc किट) का मौजूद न होना ।

6–प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंन्द्र में चिकित्सकीय गर्भपात(MTP) की सुविधा का उपलब्ध न होना ।

हल की गयी समस्याऐं :–

1–सी0डी0पी0ओ0 (आई0सी0डी0एस0) द्वारा बताया गया कि प्रत्येक ऑगनवाडी केंन्द्र के कुपोषित बच्चौं की सूची प्रत्येक 6 माह में एक बार आर0बी0एस0के0 के साथ मिलकर तैयार की जाती है ।

2–ऑगनवाडी केंन्द्रों में किशोरियों के लिए घर ले जाने वाले राशन की व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की गयी है इसलिए किशोरियों को राशन नहीं मिल पाता है ।

3–चम्पावत जनपद में आशाओं के माध्यम से सेनेट्रीनेपकीन सप्लाई की व्यवस्था नहीं है ।इसलिए किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन प्रत्येक माह नहीं मिन पाती है ।

4–प्रभारी चिकित्साअधिकारी ने बताया कि स्टाफनर्स के लिए पत्र व्यहार किया गया है तथा इस बर्ष की पी0आई0पी0 में प्रस्तावित किया गया है ।

5–आपातकालीन प्रसूति किट के सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्साअधिकारी ने बताया कि प्रार्थमिकस्वास्थ्य बाराकोट से पहले ही गर्भवती महिला को सी0एच0सी0 लोहाघाट के लिए रेफर कर दिया जाता है ।

6–चिकित्सकीय गर्भपात की व्यवस्था सी0एच0सी0लोहाघट में स्थापित की गयी है बाराकोट से केश रेफर किये जाते हैं ।

# HIMALAYAN STUDY CIRCLE

**FOR ENVIRONMENT, CHILD EDUCATION HEALTH & RESEARCH**

G . I . C . Road Pithoragarh
Ph. No.05964 -264242, 264071
Fax No. 05964- 264209
E-mail : hscpith@yahoo.co.nz

Ref : /HSC/ 2017 @ Date: 25-02-2017

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय
चम्पावत।

**बिषय– ब्लाक स्तरीय जनसंवाद आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आपको अवगत कराना है कि दिनांक 27–04–2017 को विकास खण्ड लोहाघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट सभागर में प्रातः 11 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जनसंवाद में विकास खण्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी0पी0एम0, डाटा आपरेटर, खण्ड विकास अधिकारी, ए0एन0एम0, आंगनबाडी कार्यकर्ती, आशा, आशा फैसिलिटेटर, वी0एच0एस0एन0सी0 के मैम्बर, ब्लाक समन्वयक एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित होंगे।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि उक्त जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

'सादर'

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

प्रतिलिपि– 1– प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट।
2– खण्ड विकास अधिकारी, लोहाघाट।
3– प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग लोहाघाट।

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

विकास खण्ड 2– लोहाघाट

स्थान – सी0एच0सी0 लोहाघाट

जनसंवाद की तिथि– 27.5.2017

उपस्थित प्रतिभागी 42

**रिपोर्टकार्ड के मुख्य बिन्दु**

1–वी0एच0एन0डी0 में गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप न नापा जाना ।

2–वी0एच0एन0डी में रक्त जॉच न किया जाना ।

3–आशा कार्यकर्ता द्वारा सेनेट्रीनेपकीन का वितरण न किया जाना ।

5–सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में स्टैंडर्ड सर्जिकल किट का मोजूद न होना ।

5–कुछ वी0एच0एस0एन0सी0 के खाते न खुल पाना ।

हल की गयी समस्याऐं

1–चिकित्साअधीक्षक द्वारा ए0एन0एम0को निर्देशित किया गया कि वी0एच0एन0डी0के दौंरान रक्तचाप नापने वाली साथ लेकर जायें जिससे गर्भवती महिलाओं का रक्त चाप नापा जा सकेगा ।

2–चिकित्साअधीक्षक ने सभी ए0एन0एमों को निर्देशित किया गया कि वह अनिवार्य रूप से गर्भवती माताओं का हिमोग्लोविन की जॉच करना सुनिश्चत करेंगे ।

3–जिला कम्युनिटी मोविलाईजर ने बताया कि चम्पावत में आशा कार्यकर्तीयों के माध्यम से सेनेट्रीनेपकीन वितरण की ब्यवस्था नहीं है । इसलिए किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है ।

4–सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र में स्टैडर्ड सर्जिकलकिट के संमबन्ध में चिकित्साअधीक्षक ने बताया कि इसके लिए मुख्यचिकित्साधिकारी कार्याजय से वार्ता चल रही है ।

5–वी0एच0एस0एन0सी0 के खातों के संमबन्ध में खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि वह अपने स्तर से सीघ्र वी0ण्च0एस0एन0सी के खातों को खोलने के लिए ग्रामविकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित करेंगे ।


''पैरवी संचार तथा जवाबदेही'' कार्यक्रम
के अन्तर्गत
जन संवाद
स्थान
दिनांक
विकास खण्ड
आयोजक :- जिला आशा संसाधन केन्द्र, चम्पावत


"पैरवी संचार तथा जवाबदेही" कार्यक्रम
के अन्तर्गत
जन संवाद
दिनांक ........ 27.04.2017
स्थान .. CHC लोहाघाट ......
विकास खण्ड .. लोहाघाट ....
आयोजक :- जिला आशा संसाधन केन्द्र, चम्पाव
हिमालय अध्ययन केन्द्र, चम्पावत
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तरा



दैनिक जागरण 28-4-17

## जन संवाद कार्यक्रम में रखी गांवों की समस्या

लोहाघाट : स्थानीय सीएचसी लोहाघाट के सभागार में कम्यूनिटी एक्शन फॉर हैल्थ कार्यक्रम के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम स्वास्थ, स्वच्छता एंव पोषण उपसमितियों के सदस्यों ने हिस्सा लेकर अपने क्षेत्रों की समस्या रखी।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ केएस न्याल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराने को कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की जटिल समस्याओं का आसानी से समाधान हो पाए। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाडी, आशा, एएनएमों ने अपने क्षेत्रों की समस्या रखी। सीएमएस डॉ. मंजीत सिंह ने स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। संचालन जगदीश जोशी ने किया। भाष्कर जोशी, भुवन पंत, निर्मला पुनेठा, अनीता बोहरा, सुनीता ढेक, सावित्री देवी आदि मौजूद थे।

हिन्दुस्तान 28-4-17

## शीघ्र खुलेंगे उप समितियों के खाते

लोहाघाट। लोहाघाट ब्लाक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और हिमालय अध्ययन केंद्र के सहयोग से कम्युनिटी एक्शन फार हैल्थ कार्यक्रम में जन संवाद के माध्यम से पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

सीएचसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ करते हुए खंड विकास अधिकारी केएस नयाल ने कहा कि जिन गांवों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण उप समितियों के खाते नहीं खुले हैं उनमें जल्द ही वीएचएनसी के खाते खुलवाए जाएंगे। इसके लिए वह स्वयं भी सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस खाते में जमा पैसों का स्वास्थ्य और पोषण पर ही खर्चा होगा।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला आशा संसाधन केंद्र के जगदीश जोशी ने कम्युनिटी एक्शन फार हैल्थ की जानकारी दी। ब्लाक समन्वयक निर्मला पुनेठा ने हैल्थ कार्यक्रम के तहत किए गए सर्वे रिपोर्ट को जन संवाद के माध्यम से रखा। कार्यक्रम में वीएचएसएनसी के खातों को खोलने की समस्या, किमतोली केंद्र में नियमित एनएम की नियुक्ति पर भी वार्ता की गई।

उत्तर उजाला 28/4/2017

## जन संवाद से मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

### राजकीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में हुई कार्यशाला

लोहाघाट( चंपावत )। कम्युनिटी एक्शन फार हेल्थ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद एवं जन सहभागिता के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने व गांवों को साफ सुथरा रखने पर चर्चा की गयी। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में आयोजित जन संवाद कार्यशाला का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डा. मंजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आशा कार्मियों पर कार्यक्रम की सफलता का पूरा दारोमदार टिका है। अब ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में आशाओं को मुख्य धुरी बनाया गया है। गांवों के नौला, धारों, पानी की टंकियों की सफाई करने के साथ उनमें क्लोरीन डालने से लोगों को रोगों से बचाया जा सकता है। बीडीओ केएस नयाल ने कहा कि बीएचएसएनसी मद मे मिलने वाला धन केवल स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण पर ही व्यय किया जायेगा। उन्होंने ग्राम स्वास्थ, स्वच्छता एवं पोषण उपसमितियों के खाते शीघ्र खोलने पर जोर दिया। कार्यशाला का संचालन करते हुए जिला आशा संसाधन केंद्र के कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदीश चंद्र जोशी ने जन संवाद कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौक पर भाष्कर जोशी, भुवन पंत, निर्मला पुनेठा, अनिता बोहरा, सावित्री देवी, सुनीता ढेक, अनीता ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# HIMALAYAN STUDY CIRCLE

FOR ENVIRONMENT, CHILD EDUCATION HEALTH & RESEARCH

G . I . C . Road Pithoragarh
Ph. No.05964 -264242, 264071
Fax No. 05964- 264209
E-mail : hscpith@yahoo.co.nz


Ref : /HSC/ 2017 Date: 1-05-2017

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय
चम्पावत।

**बिषय– ब्लाक स्तरीय जनसंवाद आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आपको अवगत कराना है कि दिनांक 2–05–2017 को विकास खण्ड चम्पावत के जिल आशा संसाधन केन्द्र चम्पावत सभागर में प्रातः 11 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जनसंवाद में विकास खण्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी0पी0एम0, खण्ड विकास अधिकारी, ए0एन0एम0 आंगनबाडी कार्यकर्ती, आशा, आशा फैसिलिटेटर, वी0एच0एस0एन0सी0 के मैम्बर, ब्लाक समन्वयक एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित होंगे।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि उक्त जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में अपन मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

'सादर'

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

प्रतिलिपि– 1– प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पावत
2– खण्ड विकास अधिकारी, चम्पावत
3– प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चम्पावत

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

Received
01-05-2017

1/5/17

1-5/017

1-5-17


Registered under Societies registration Act 1860 . Registration No . 1035 . Dated 17-10-86
A dedicated voluntary organization for Child education, Health, Environment & Rural Development

**विकास खण्ड 3– चम्पावत**

**स्थान – डी0ए0आर0सी चम्पावत**

**जनसंवाद की तिथि –** 02.05.2017

**उपस्थित प्रतिभागी –** 42

**रिपोर्ट कार्ड के मुख्य बिन्दु**

1–वी0एच0एन0डी के दौरान रक्तचाप व हिमोग्लोविन की जॉच करना ।

2–ऑगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा किशोरियों को घर ले जाने वाला राशन का न दिया जाना ।

3–गॉव के कुछ नल व हैंण्डपम्प काम न करना ।

4–सीएच0सी0 में कुत्ते के काटने का उपचार न होना ।

5–आशा द्वारा प्रतिमाह किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन का वितरण न किया जाना ।

हल की गयी समस्याऐं :–

1–चिकित्सा अधीक्षक ने सभी ए0एन0एम0 को निर्देशित किया कि वी0एच0एन0डी0 के दौरान गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से रक्त चाप व हिमोग्लोविन की जॉच करना सुनिरूचित करेंगे ।

2–सी0डी0पी0ओ0(आई0सी0डी0एस0) ने बताया कि सरकार द्वारा किशोरियों के लिए घर ले जाने वाले राशन की सप्लाई नहीं है इसलिए किशोरियों को राशन नहीं मिल पाता है ।

3–जल सस्थान के सहायक अभियन्ता ने बताया कि वह अपने स्तर से सभी फीटरों को बतायगें कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नल व हैंण्डपम्प की मरमत करके ठीक करना सुनिश्चत करेंगे । जिससे लोगों को पानी मिल सके ।

4–चिकित्साअधिकारी ने बताया कि पहले अस्पताल में कुत्ते के काटने का उपचार मोजूद था । लेकिन अभी यह व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल रही है ,इसके लिए शासन स्तर से वार्ता चल रही है ।

5–जनपद चम्पावत में आशाओं के माध्यम से सेनेट्रीनेपकीन वितरण की व्यवस्था नहीं है ,इसलिए किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन नहीं मिल पा रही है ।




''पैरवी संचार तथा जवाबदेही'' कार्यक्रम
के अन्तर्गत
जन संवाद
दिनांक 2/05/2017
स्थान D.A.B.C-
विकास खण्ड चम्पावत
आयोजक :- आशा संसाधन , चम्पावत

# जन संवाद मंच के माध्यम से उठाएं अपनी समस्याएं

**अमर उजाला ब्यूरो**

चंपावत।



चंपावत में जन संवाद कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं महिला।

कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम के तहत जिला आशा संसाधन केंद्र के सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए जिला कम्यूनिटी मोबिलाइजर जगदीश जोशी ने कहा कि जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को एक मंच प्रदान किया जाता है।

मंच के माध्यम से गांव के लोग विभिन्न समस्याओं पर अपनी बात रखते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भुवन चंद्र पांडेय ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण उप समितियों को मिलने वाली धनराशि का लेखा जोखा समिति के पास रखा जाना है। बाल विकास परियोजना की कमला मर्तोलिया ने महिला एवं बाल विकास की सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संजय सिंह बोहरा, ब्लॉक समन्वयक अनीता राय ने भी विचार रखे। जन संवाद कार्यक्रम में तय किया गया कि गर्मी का मौसम होने के कारण पानी की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। वहां निर्मला पुनेठा, भावना बोहरा, शांति अधिकारी सहित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

**Date 3-05-2017**

# आशा समाधान केन्द्र में जन संवाद कार्यक्रम

**चम्पावत | हमारे संवाददाता**

कम्यूनिटी एक्शन फॉर और चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से आशा समाधान केन्द्र में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदीश जोशी ने हेल्थ कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को मंच में अपनी समस्या रखने का मौका मिलता है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भुवन चन्द्र पाण्डेय ने स्वास्थ और पोषण उप समितियों को मिलने वाली धनराशि उपयोग साफ-सफाई, स्वच्छता और पोषण पर ही खर्च करने की सलाह दी। उन्होंने खर्च का व्यय समिति को देने को कहा। बाल विकास परियोजना ने कमला मर्तोलिया ने महिला और बाल विकास की सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी की समस्याओं को जन संवाद मंच में रखी जाएगी। ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर संजय सिंह बोहरा ने स्वास्थ, स्वच्छता और दवाओं के बारे में विस्तार से बताया। ब्लाक समन्वयक अनीता ने कहा कि विकास खण्ड चम्पावत में 204 खाते खुल चुके है। इस मौके पर अनीता, निर्मला पुनेठा, आशा, भावना शान्ती अधिकारी, ममता गोस्वामी, नीतू जोशी मौजूद रहीं।

**Date 3-05-2017**
**hindustan**

# जनसंवाद में समस्याओं पर मंथन

**संवाद सहयोगी, चम्पावत :** कम्युनिटी फॉर हेल्थ कार्यक्रम के तहत जिला आशा संसाधन केंद्र में चम्पावत विकासखंड का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को तमाम जानकारियां दी गई। मौके पर महिलाओं ने कई समस्याएं रखीं।



चम्पावत जिला संसाधन केंद्र में कार्यशाला में मौजूद समिति सदस्य • जागरण

जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदीश जोशी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को मंच दिया जाता है। मंच के माध्यम से ग्रामीण अपनी बात रख सकते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भुवन पांडेय ने कहा कि समितियों को मिलने वाली धनराशि का उपयोग स्वच्छता, पोषण पर ही किया जाए। समिति से पूरा लेखा-जोखा रखने को कहा। बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर कमला मर्तोलिया ने बाल विकास व महिला योजनाओं के बारे में बताया। ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर संजय बोहरा ने गांवों में सफाई रखने को कहा। क्लोरीन व अन्य दवाईयों की जानकारी दी। ब्लाक समंवयक अनीता राय ने स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण समिति के पदाधिकारियों को कार्यक्षेत्र में सजग रहने को कहा। पानी को स्वच्छ रखने और दूषित न करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निर्मला पुनेठा, भावना बोहरा, शांति अधिकारी, दीपा भंडारी, एएनएम ममता गोस्वामी, नीतू जोशी सहित फूंगरमाफी, पुनेठी, कुलेठी, डुंगरासेठी, चौकी गांव के स्वच्छता व पोषण समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**Date 3-05-2017**

# HIMALAYAN STUDY CIRCLE

FOR ENVIRONMENT, CHILD EDUCATION HEALTH & RESEARCH
G . I . C . Road Pithoragarh
Ph. No.05964 -264242, 264071
Fax No. 05964- 264209
E-mail : hscpith@yahoo.co.nz

Ref : /HSC/ 2017 Date: 12-05-2017

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय
चम्पावत।

बिषय– **ब्लाक स्तरीय जनसंवाद आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा कि आपको अवगत कराना है कि **दिनांक 17–05–2017** को विकास खण्ड पाटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटी सभागर में प्रातः 11 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जनसंवाद में विकास खण्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी0पी0एम0, खण्ड विकास अधिकारी, ए0एन0एम0, आंगनबाडी कार्यकर्त्री, आशा, आशा फैसिलिटेटर, वी0एच0एस0एन0सी0 के मैम्बर, ब्लाक समन्वयक एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित होंगे।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि उक्त जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

सादर

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

प्रतिलिपि– 1– प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटी 9456374268
2– खण्ड विकास अधिकारी, पाटी 9954739995 –
3– प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पाटी 9412915605

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

12/5/17 15/5/017 12/5/17 12/5/017 CDPO Pati

चिकित्सा अधिकारी
दि0........

विकास खण्ड 4–पाटी

दिनांक – 17.05.2017

स्थान – पी0एच0सी0 पाटी

प्रतिभागी – 68

**कार्ड रिपोर्ट के मुख्य बिन्दु**

1–आंगनवााड़ी कार्यकर्ता द्वारा किशोरियों को घर ले जाने वाला राशन का न दिया जाना ।

2–गॉव के सभी नलों का काम न करना ।

3–आशा कार्यकर्ता द्वारा किशोंरियों को सेनेट्रीनेपकीन का वितरण न किया जाना ।

4–कुछ वी0एच0एस0एन0सी0के खातों का न खुल पाना।

5–पी0एच0सी0 पाटी में नाक ,कान ,गला संबन्धी सेवाओं का न मिल पाना ।

**हल की गयी समस्याऐं**

1–सी0डी.ी0पी0ओ0द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा किशोरियों के लिए राशन की व्यवस्था नहीं है। इसलिए किशोरियों को घर ले जाने वाला राशन नहीं मिल पाता है ।

2–सहायक अभियन्ता जल संस्थान द्वारा बताया गया कि अपने विभाग के फीटर को सभी नलों को ठीक करने के लिए निर्देशित करेंगे ,जिससे कि गॉव के सभी नलों को पानी मिल सकेगा।

3–प्रभारी चिकित्साअधिकारी द्वारा बताया गया कि आशा कार्यकर्ती के माध्यम से सेनेट्री नेपकीन वितरण की व्यवस्था नहीं है ,इसलिए किशोरियों को सेनेट्रीनेपकीन का वितरण नहीं हो पाता है ।

4–कम्युनिटी मोविलाईजर/ब्लाक समन्वयक ने बताया कि पाटी विकास खण्ड के कुछराजस्व ग्रामों में आशा न होने की वजह से वी0एच0एस0एन0सी0 के खाते नहीं खुल पाये हैं।

5–प्रभारी चिकित्साअधिकारी पाटी ने बताया कि नाक,कान,एवं गले संम्बन्धी सेवाओं के लिए मुख्यचिकित्साअधिकारी कार्यालय से पत्र व्यहार चल रहा है ।




''पैरवी संचार तथा जवाबदेही'' कार्यक्रम
के अन्तर्गत
जन संवाद
दिनांक
स्थान
विकास खण्ड
आयोजक :- जिला आशा संसाधन केन्द्र, चम्पावत
प्रायोजक :-

# जनसंवाद मंच में उठी कई समस्याएं

लोहाघाट( चंपावत )। पाटी ब्लाक सभागार में ब्लाक स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न वर्गों के लोगों ने अधिकारियों के सामने बेवाक अपनी समस्याए रखी तथा सरकारी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने अनुभव साझा किए। जिला आशा संसाधन केंद्र एचएससी द्वारा कम्युनिटी फॉर हेल्थ कार्यक्रम के तहत ग्राम स्वास्थ, स्वच्छता एवं पोषण पर चर्चा की गयी। जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदीश जोशी का कहना था कि सरकारी खाद्यान्न वितरण प्रणाली के तहत नियमित रुप से खाद्यान्न की उपलब्धता, उपकेंद्रों में प्राथमिक इलाज की सुविधा, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की निरंतरता को बनाये रखने के अलावा दिव्यांग एवं समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को शासकीय सुविधाओं का पूरा लाभ देने पर विशेष जोर दिया। वही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. आभा सिंह ने ग्राम स्वास्थ, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को उपलब्ध की गयी धनराशि का उपयोग केवल स्वच्छता कार्यों एवं पोषण कार्यों में ही व्यय करने को कहा।



जनसंवाद मंच में समस्याओं पर चर्चा करती महिलाएं

ब्लाक प्रोग्राम मेनेजर दीपक जोशी ने समितियों की मासिक बैठक अनिवार्य रुप से की जाने की आवश्यकता बताई। आईसीडीएस के सुपरवाइजर बिंद्रा विष्ट ने कहा कि विभाग द्वारा अब आधार का नंबर जमा न करने की स्थिति में टीएचआर की सुविधा बंद कर दी जायेगी। ब्लाक समन्वयक पुष्पा जोशी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता की बैठकों में जन प्रतिनिधियों एवं जनसंवाद समितियों से जुडे लोगों से अनिवार्य रूप से बैठक में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर एएनएम गंगा गोसाई, आशा फेसलेटर गीता बोहरा, मंजू जोशी, नारायणी, जानकी गहतोड़ी ने भी अपने विचार रखे।

**Date 19-05-2017**
**Uttar Ujala**

खालिया आदि मौजूद थे। ब्यूरो चुनाव के बाद सभी पदाधिकारियों

# हर माह हो गांवों में स्वच्छता बैठक

लोहाघाट (चंपावत)। जिला आशा संसाधन केंद्र हिमालय अध्ययन केंद्र पाटी विकासखंड में कम्युनिटी फॉर हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समितियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम हुआ। जिला कम्यूनिटी मोबिलाइजर जगदीश जोशी ने राशन वितरण प्रणाली में सुधार करने, उप केंद्रों में प्राथमिक उपचार की निरंतरता बनाए रखने, किशोरी, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार सुचारु रूप से उपलब्ध कराने, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाने में अतिरिक्त मदद करने पर जोर दिया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.आभाष सिंह ने ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समितियों को दी गई रकम का उपयोग साफ सफाई, स्वच्छता व पोषण में ही खर्च करने की बात कही। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक दीपक जोशी ने इन समितियों की हर माह नियमित रूप से बैठक करने की हिदायत दी। विकासखंड के प्रत्येक गांव में अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराया जाएगा। बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर बिंद्रा बिष्ट का कहना था कि प्रत्येक गर्भवती मां व बच्चों का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास जमा करने को कहा। ब्लाक समन्वयक पुष्पा जोशी ने समिति के अध्यक्षों, आंगनबाड़ी वर्कर्स, एएनएम से ग्राम स्वच्छता समिति की बैठकों में नियमित रूप से हिस्सा लेने के निर्देश दिए। इस मौके पर आशा फैसिलेटर गीता बोहरा, मंजू जोशी, एएनएम गंगा गुसांई, नारायणी, जानकी गहतोड़ी आदि मौजूद थी। ब्यूरो

एक नजर

## जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक

लोहाघाट : पाटी विकास खंड में हिमालयन अध्ययन केंद्र ने ब्लाक स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. आभास सिंह की अध्यक्षता व जगदीश जोशी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दीपक जोशी ने सघन प्रणाली में सुधार किए जाने, उपकेंद्रों में प्राथमिक उपचार को निरंतर बनाए रखने, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार सुचारू रूप से उपलब्ध कराने समेत अन्य चीजों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान बिंद्रा बिष्ट, पुष्पा जोशी, गंगा गुसाई, गीता बोहरा, मंजु जोशी, नारायणी, जानकी गहतोड़ी मौजूद रहे।

**Date 19-05-2017**
**Dainik Jagran**

**Date 19-05-2017**
**Amar Ujala**

# HIMALAYAN STUDY CIRCLE

**FOR ENVIRONMENT, CHILD EDUCATION HEALTH & RESEARCH**

G . I . C . Road Pithoragarh
Ph. No.05964 -264242, 264071
Fax No. 05964- 264209
E-mail : hscpith@yahoo.co.nz

Ref : memo /HSC/ 2017 Date: 29-05-2017

**सेवा में.**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय**
**चम्पावत।**

**बिषय– जनपद स्तरीय जनसंवाद आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय.

जैसा कि आपको अवगत कराना है कि कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत **दिनांक 31–05–2017** को जनपद चम्पावत के जिला आशा संसाधन केंद्र निकट स्वजल कार्यालय चम्पावत के सभागर में प्रातः 11 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जनसंवाद में जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी ,जिला शिक्षा अधिकारी ,बाल विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी , जिला पंचायती राज अधिकारी आदि उपस्थित होंगे।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि उक्त जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

'सादर'

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

प्रतिलिपि–
1– जिला शिक्षा अधिकारी चम्पावत
2– जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चम्पावत
3– जिला ग्रामीण विकास विभाग अधिकारी चम्पावत
4– जिला पंचायती राज अधिकारी चम्पावत
5– जिला जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी चम्पावत
6– जिला जल संस्थान अधिकारी चम्पावत
7– जल निगम अधिकारी चम्पावत
8– परियोजना प्रबधंक स्वजल चम्पावत
9– जिला निगरानी एवं नियोजन समिति चम्पावत
10–जिला समाज कल्याण अधिकारी चम्पावत
11–समस्त ब्लाक समन्वेयक जिला आशा संसाधन केंद्र चम्पावत
12– **जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,** चम्पावत

कम्यूनिटी मोबलाईजर
हिमालय अध्ययन केन्द्र
जिला आशा संसाधन केन्द्र
चम्पावत

Registered under Societies registration Act 1860 . Registration No . 1035 . Dated 17-10-86
A dedicated voluntary organization for Child education, Health, Environment & Rural Development

# जिला आशाा संसाधन केन्द्र, हिमालय अध्ययन केन्द्र चम्पावत

## कम्यूनिटी एक्शन फार हैल्थ (सी0ए0एच0)

**जिला स्तरीय जनसंवाद**

**दिनांक – 31 मई 2017**

**प्रतिभागी – 42**

**स्थान – डी0ए0आर0सी चम्पावत**

## आमंत्रित व्यक्ति

एक दिवसीय कम्यूनिटी एक्शन फार हैल्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम में सी0एम0ओ., एम0ओ0आई0सी0, डी0पी0एम0, शिक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विकास विभाग, जल निगम, जल संस्थान, पंचायती राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला निगरानी एवं नियोजन समिति, जिला ग्रामीण विकास विभाग, परियोजना प्रबन्धक स्वजल, सी0डी0पी0ओ0 बाल विकास विभाग, एवं एन0जी0ओ0 के प्रतिनिधि।

उद्देश्य–

1–स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण हेतु समुदाय आधारित निगरानी एवं नियोजन (सी0बी0एम0पी0), स्वास्थ्य प्रणाली की समझ बनाना एवं उसका आकलन

2– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की भूमिका सुनिश्चित करना व सशक्तीकरण।

3– समुदाय स्तरीय पूछताछ हेतु उपकरण/प्रपत्र तैयार करना।

4– पंचायत स्तर पर समुदाय स्वास्थ्य की अवधारणा को स्पष्ट करना एवं जागरूकता

प्रक्रिया

सर्वप्रथम उपस्थिति प्रतिभागियों का पंजीकरण एवं स्वागत किया गया। तत्पश्चात बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ।

उक्त प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत सामुदायिक प्रकियाओं में कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ वीएचएसएनसी एवं वीएचएनडी एवं आशा कार्यक्रम की भूमिका, राष्ट्रीय/राज्य स्तर की मुख्य योजनाओं के बारे में जानकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ढांचागत व्यवस्था से समबन्धित राष्ट्रीय अनुभवों को साझा किया इस कम में सीएएच से सम्बन्धित फिल्म को दिखाया गया ।

प्रशिक्षण में कम्यूनिटी एक्शन फॉर हैल्थ के चरणों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की साथ ही टूल्स एवं विभिन्न पत्रों पर ग्रुप एक्सरसाईज के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गयी, सामुदायिक मानटिरिंग हेतु डाटा को एकत्रित करने सें सम्बन्धित प्रपत्र का भी ग्रुप चर्चाओं के साथ विश्लेषण किया गया। ग्रुप एक्सर साईज के माध्यम से प्रतिभागियों को टूल्स का अभ्यास भी करवाया गया।

रिर्पोट कार्ड के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए रंग संयोजन के माध्यम से रिपोर्ट कार्ड को साझा करने के तौर तरीकों से अवगत करवाते हुए ज्ञात करवाया कि हरा, पीला एवं लाल रंग का क्या महत्व है व यह भी बताया गया कि हरा का तार्त्पय अच्छा पीले का अभिप्राय औसत एवं लाल का अभिप्राय खराब से है।

प्रतिभागियों को जनसंवाद के आयोजन पर जानकारी प्रदान की गयी साथ ही नियोजन प्रपत्र के माध्यम से भी प्रतिभागियों को यह बताया गया कि रिर्पोट कार्ड तैयार हो हाने के बाद ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी प्रतिनिधियों को बुलाया जायेगा व ग्राम की कार्य योजना तैयार करने हेतु नियोजक पत्रक का उपयोग किया जायेगा। इस नियोजक पत्र की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी जैसे– कमियां क्या थी, कमियों के कारण क्या थे, संभावित समाधान, उत्तरदायित्व, समय सीमा एवं वांछित सहयोग आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए ग्रुप अभ्यास के माध्यम से ज्ञात करवाया।

## निष्कर्ष / हल की गयी समस्याऐं

1– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समिति सदस्यों को प्रबन्धकीय क्षमता विकास प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस की गयी।

2–विभिन्न विभागों एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो में आपसी समन्वय बनाने पर जोर दिया गया।

3– गांव स्तर पर आशा आंगनबाडी एवं ए0एन0एम कार्यकर्ताओं के द्वारा आपसी तालमेल स्थापित करते हुए स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास विभाग के कार्यकमों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुॅचाने का निर्णय लिया गया।

4– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समितियों के कार्यो पर किसी भी प्रकार के राजनैतिक हस्तक्षेप से दूर रखने पर चर्चा हुई ।

5– वी0एच0एस0एन0सी की बैठकों व कार्यकमों में लाईन डिपार्टमैन्ट के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति व सकारात्मक सहयोग हेतु जिला स्तर से निर्देशित करने की चर्चा प्रमुखता से जनसंवाद में उठाई गयी।

6– ब्लाक स्तर पर कार्यरत ब्लाक समन्वयकों व आशा फैसिलिटेटरों की समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय सहयोग की अपेक्षा की गयी।

7– ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को उपलब्ध कराई गयी अनटाईड फंड को स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण की गतिविधियों पर खर्च करने की चर्चा सामने आयी।

8 –विकासखंड लोहाघाट में रह गये वी एच एस एन सी के खातों को खोलने में सहयोग की बात खंड विकास अधिकारी द्वारा कही गयी ।

9– जल संस्थान के अभियंता ने बताया कि आशाओं को पानी में मिलाने के लिए ब्लीचिंग प्रदान किया जायेगा ।

10– महिला एवं बाल विकास के प्रतिनिधियों ने बताया कि वी एच एस एन सी के लोग होम टेक योजना मोनिटरिंग करके आवश्यक सुझाव विभाग को प्रदान करने में मदद करेंगे

11– सी0डी0पी0ओ ने बताया कि टी0एच आर प्राप्त करने वाले लाभार्थी अपना आधार नं0 अपने आगनबाडी केन्द्रों में अवश्य जमा कर दें । जिससे टी0एच0आर0 प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो सके ।

12–सहायक अभियन्ता जल संस्थान ने बताया कि वह अपने विभाग के सभी फीटरों को निर्देशित कर रहे हैं कि लि के सभी ब्लाकों के सभी ग्रामों में पर्याप्त रूप से पानी मिल सके ।

**संलग्नक– फोटोग्राफ, न्यूज कटिंग**

amar ujala 2/6/2017

# राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे समुदाय के प्रतिनिधि

चंपावत। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दूसरे चरण में समुदाय आधारित स्वास्थ्य अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत आशा संसाधन केंद्र में जिला स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसीएमओ डॉ.केसी ठाकुर ने किया।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वास्थ्य रक्षा तथा उपचार के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में समुदाय के प्रतिनिधि भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक स्वास्थ्य के कार्यक्रमों में समुदाय की ओर से शिकायतें और आलोचनाएं ही सुनने को मिलती है। पंचायतों की अपनी जिम्मेदारी कम ही देखने को मिलती है।

विशेष रूप से ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समितियां अपनी भूमिका नहीं समझ पाती है। जनसंवाद में जिला समन्वयक जगदीश जोशी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यक्रम की भूमिका, राष्ट्रीय, राज्य स्तर की मुख्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जल संस्थान के सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह ,हिमालय अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक भास्कर जोशी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक निर्मला पुनेठा, अनीता राय, पुष्पा जोशी, सुनीता जोशी, भुवन पंत, कपिल जोशी आदि ने सहयोग प्रदान किया। ब्यूरो

# 'जन संवाद' में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर हुई चर्चा

कार्यक्रम

म्पावत | हमारे संवाददाता

ाष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दूसरे चरण में मुदाय आधारित स्वास्थ्य अभियान को फल बनाने के लिए बुधवार को म्पावत में जन संवाद कार्यक्रम ायोजित किया गया। इसमें रेखीय भाग और समाज से जुड़े लोगों ने भाग लया। ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं ोषण समिति के गठन के बाद उसके शक्तिकरण के लिए लोगों ने अपने ुझाव दिए।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. केसी ाकुर ने किया। कार्यक्रम के उद्देश्यों र प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि ूसरे चरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जन

आयोजन

- समुदाय आधारित स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने को लोगों ने दी राय
- हिमालय अध्ययन केन्द्र चम्पावत में आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वास्थ्य कार्यक्रमों को समुदाय के हवाले कर समुदाय को ही नियोजन क्रियान्वयन और अनुश्रवण के लिये उत्तरदायी बनाना है।

इसके लिए इस चरण के प्रारम्भ में ही कम्युनिटी एक्शन प्लान (समुदायिक सहभागिता क्रियान्वयन) की योजना है। कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समितियां अपनी भूमिका नहीं समझ पाती हैं। आशा कार्यक्रम को भी पंचायतें ठीक से नहीं समझ पाई हैं। अब यह



जिला आशा संसाधन केन्द्र चम्पावत में बुधवार को जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। • हिन्दुस्तान

महत्वपूर्ण कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आयोजित कर रहा है जिससे कम्युनिटी एक्शन प्लान के माध्यम से चलाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जगदीश जोशी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत सामुदायिक प्रक्रियाओं में कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ वीएचएसएनसी एवं आशा कार्यक्रम की भूमिका, राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मुख्य योजनाओं की जानकारी दी। सहायक अभियन्ता जल संस्थान रूद्र सिंह ने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समितियों को मजबूती प्रदान करने के लिये समुदाय की सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अनटाइड फन्ड से स्वास्थ्य शिक्षा स्वास्थ्य जागरूकता तथा समुदाय प्रोत्साहन की दिशा में कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। सीडीपीओ आशा जोशी ने बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन हिमालय अध्ययन केन्द्र के वरिष्ठ समन्वयक भास्कर जोशी ने किया। इस मौके पर ब्लाक समन्ववक निर्मला पुनेठा, अनीता राय, पुष्पा जोशी, सुनीता जोशी, भुवन पंत, कपिल जोशी आदि मौजूद रहे।

**hindustan 1/06/2017**

# 'सामूहिक कार्य से मिलेगी सफलता'



चम्पावत में जन संवाद कार्यक्रम में मौजूद आशा वर्कर • जागरण

**संवाद सहयोगी, चम्पावत :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दूसरे चरण के तहत जिलास्तरीय गोष्ठी का आयोजन जिला आशा संसाधन केंद्र में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक सहभागिता क्रियान्वयन से ही योजना को सफलता मिलेगी। ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण समिति के सशक्तिकरण पर बल दिया।

मुख्य अतिथि एसीएमओ डॉ.केसी ठाकुर ने कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तभी असरदार होगा, जब उसके परिणाम दिखें। कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समितियां अपनी भूमिका समझ नहीं पाती है। स्वास्थ्य विभाग का मुख्य एजेंडा यह है कि लोग उन परिस्थितियों को बदलें जिससे वे बीमार पड़ते हैं। डाक्टर के पास जाने से पहले लोगों को स्वास्थ्य रक्षा के उपाय करने जरूरी हैं। इसके लिए गांव में सफाई, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल, भोजन आचार-व्यवहार और सांस्कृतिक परिवेश ऐसा होना जरूरी है, जिससे शारीरिक, मानसिक व सांस्कृतिक स्वास्थ्य ठीक रहें। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को ग्रामीण जन स्वास्थ्य को समुदाय स्वास्थ्य का कार्यक्रम बनाने, अधिकारियों को पंचायती राज के साथ सहयोग करने और पंचायती राज की पहल बढ़ाने, विशेषकर ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की भूमिका को स्पष्ट करना ग्राम स्वास्थ्य योजना का मुख्य विषय है। कार्यशाला में जिला समंवयक जगदीश जोशी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक प्रक्रियाओं में कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ वीएचएसएनसी एवं आशा कार्यक्रम की भूमिका, राष्ट्रीय/राज्य स्तर की मुख्य योजनाओं के बारे में जानकारी, कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ के चरण, टूल्स एवं विभिन्न प्रपत्रों पर जानकारी, टूल्स का अभ्यास, ग्राम स्वास्थ्य योजना एवं रिपोर्ट कार्ड पर प्रस्तुतीकरण एवं जनसंवाद के आयोजन के बारे में बताया। जलसंस्थान के एई सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्र की सार्थकता पर बल देते हुए कहा कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण उप समितियों को मजबूती प्रदान करने के लिए समुदाय की सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा सकता है। बाल विकास विभाग की सीडीपीओ आशा जोशी ने समुदाय सहभागिता क्रियान्वयन लिए एकजुटता पर बल दिया। ब्लाक समन्वयकों ने वीएचएसएनसी की उपलब्धियों पर अपने अनुभवों को साझा किया। मौके पर भास्कर जोशी, निर्मला पुनेठा, अनीता राय, पुष्पा जोशी, सुनीता जोशी, भुवन पंत, कपिल जोशी समेत जिले की आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

**dainik jagran**
**2/06/2017**






''पैरवी संचार तथा जवाबदेही'' कार्यक्रम
के अन्तर्गत
जन संवाद
दिनांक
स्थान D.A.R.C-